# कार्यालय उपायुक्त स्वतः रोजगार, अमेठी

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन

(ग्राम्य विकास विभाग, अमेठी, उ0प्र0)

पता– कमरा न0–47, विकास भवन, गौरीगंज, जनपद अमेठी, उ0प्र0। email:dmmuamethi@gmail.com

पत्रांकः 351 /एनआरएलएम/इम्पैनलमेन्ट/डीआरपी–बीआरपी/2025–26 दिनांकः 03-9-2025

**उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत डिस्ट्रिक्स रिसोर्स पर्सन एवं ब्लॉक रिसोर्स पर्सन का इम्पैनलमेन्ट करने के सम्बंध में विज्ञप्ति**

मिशन निदेशक महोदया, उ0प्र0 रा0ग्रा0 आजीविका मिशन, लखनऊ के कार्यालय पत्रांक 3999/2955/प्रशि0/आजीविका/2024–25, दिनांक 06.11.2024 द्वारा संशोधित रिसोर्स पर्सन पॉलिसी नीति (Resource Person Policy) शासी निकाय की 20वीं बैठक दिनांक 19.03.2024 में अनुमोदित मिशन के पत्रांक सं0 3329/4648/शा0नि0/24–25 लखनऊ दिनांक–18.10.2024 के क्रम में डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन तथा ब्लॉक रिसोस पर्सन का थीमवार जनपद अमेठी हेतु सूचीबद्ध किया जाना है। वर्तमान में निम्न विवरण के अनुसार रिक्त पद है–

| क्र0सं0 | थीम का नाम | डी.आर.पी. रिसोर्स पर्सन की सं. | बी.आर.पी. रिसोर्स पर्सन की सं. |
|---|---|---|---|
| 1. | सोशल मोबिलाईजेशन एवं क्षमता वर्धन | – | 4 |
| 2. | सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय प्रबंधन | – | 4 |
| 3. | समाजिक सामावेशन एवं सामाजिक विकास | 1 | 2 |
| 4. | आजीविका फार्म | 1 | 2 |
| 5. | आजीविका–नान फार्म | 1 | 2 |
| | | **3** | 14 |

| क्र0सं0 | मानक | डी.आर.पी. रिसोर्स पर्सन की आवेदन अर्हता | बी.आर.पी. रिसोर्स की आवेदन अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1. | योग्यता | सम्बंधित विषय में स्नातक डिग्री/पीजी डिप्लोमा | 12वीं पास एवं एनआरएलएम अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की सदस्य हो |
| 2. | अनुभव | सम्बंधित विषय में 3 वर्ष का कार्य अनुभव (संस्था द्वारा प्रमाणित प्रमाण–पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेंगे) | स्वयं सहायता समूह में 2 वर्ष का कार्य अनुभव (सम्बंधित संकुल स्तरीय संघ द्वारा जारी प्रमाण–पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेंगे) |
| 3. | आयु | कम से कम 25 वर्ष | कम से कम 21 वर्ष |
| 4. | भाषा ज्ञान | हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं का ज्ञान | हिन्दी एवं स्थानीय भाषाओं का ज्ञान |
| 5. | तकनीकी ज्ञान | स्मार्ट फोन/एंड्रायड मोबाइल एवं कम्प्यूटर पर कार्य करने की दक्षता | स्मार्ट फोन/एंड्रायड मोबाइल पर कार्य करने की दक्षता |
| 6. | अन्य | गाँव/ग्राम पंचायत, संकुल स्तर पर प्रशिक्षण के समय प्रतिभाग करने हेतु बैठक एवं क्षेत्र भ्रमण, जनपद एवं राज्य के भीतर एवं बाहर एक्सपोजर यात्राओं वं प्रशिक्षण के लिए जाने हेतु भी इच्छुक होना चाहिए। | गाँव/ग्राम पंचायत, संकुल स्तर पर प्रशिक्षण के समय प्रतिभाग करने हेतु बैठक एवं क्षेत्र भ्रमण, जनपद एवं राज्य के भीतर एवं बाहर एक्सपोजर यात्राओं वं प्रशिक्षण के लिए जाने हेतु भी इच्छुक होना चाहिए। |

मिशन हेतु जनपद रिसोर्स पर्सन का एम्पैनलमेंट किये जाने के संदर्भ में विस्तृत टी0ओ0आर0/पारिश्रमिक एवं अन्य समस्त जानकारी **www.upsrlm.up.gov.in** से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते है। अभ्यार्थियों की स्क्रूटनी/छटनी प्रक्रिया, लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के बाद मिशन द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में चयनित अभ्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग व प्रशिक्षण करने के उपरान्त रिसोर्स पर्सन का एम्पैनलमेन्ट किया जायेगा। रिसोर्स पर्सन के एंम्पैनलमेन्ट का पूर्ण अधिकार मिशन के पास होगा।

1- जिला रिसोर्स पर्सन (डी0आर0पी0) पद के इच्छुक अभ्यार्थी संलग्नक आवेदन फार्म प्रारूप पर अपना बायोडाटा आदि समस्त वांक्षित दस्तावेज को **स्व–प्रमाणन** एवं **10 रू0 के स्टॉम्प पर शपथ पत्र** सहित समस्त दस्तावेज को सुस्पष्ट पी.डी.एफ. फाइल में बनाते हुए जिला मिशन प्रबंधन इकाई के ई–मेल drpnrlmselection@gmail.com पर दिनांक 25.09.2025 तक अनिवार्य रूप से भेजेंगे। अभ्यर्थी, ई–मेल के विषय वाले स्थान पर **"एम्पैनलमेन्ट ऑफ डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन– वांक्षित थीम का नाम"** अनिवार्य रूप से लिखेंगे। **अंतिम तिथि उपरान्त किसी भी दशा में आवेदन फार्म स्वीकार्य नहीं किये जायेंगे।**

Scanned with OKEN Scanner

2- ब्लॉक रिसोर्स पर्सन (बी0आर0पी0) पद के इच्छुक अभ्यार्थी संलग्नक आवेदन फार्म प्रारूप पर अपना बायोडाटा आदि समस्त वांक्षित दस्तावेज को **स्व–प्रमाणन** एवं **10 रू0 के स्टॉम्प पर शपथ पत्र** के साथ रजिस्टर डाक/स्पीड पोस्ट/कूरियर/स्वंय के माध्यम से **खण्ड विकास अधिकारी, ब्लॉक मिशन प्रबंधन इकाई–एन.आर.एल.एम., सम्बंधित विकास खण्ड कार्यालय, जनपद अमेठी** में दिनांक **25.09.2025** तक हार्ड कॉपी में जमा करेंगे। अभ्यार्थी, लिफाफे पर अपनी थीम का नाम– **''एम्पैनलमेन्ट फॉर ब्लॉक रिसोर्स पर्सन–थीम का नाम''–** अवश्य लिखेंगे। **अंतिम तिथि उपरान्त किसी भी दशा में आवेदन फार्म स्वीकार्य नहीं किये जायेंगे।**

3- सरकारी या गैर सरकारी संस्थाओं में स्वंय सहायता समूह या राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से सम्बंधित प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में कार्य करने वाले अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

4- प्रत्येक थीम में सूचीबद्ध करने हेतु डी.आर.पी./बी.आर.पी. की संख्या से कम से कम 03 गुना अधिक आवेदन प्राप्त होने पर सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाते हुए लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर मेरिट के अनुसार चयन किया जायेगा।

**नोटः–**

- रिसोर्स पर्सन पॉलिसी के अनुसार ग्राम्य विकास विभाग एवं पंचायती राज के किसी भी रिटायर्ड कर्मचारी एवं अधिकारी तथा उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में कार्यरत मिशन स्टाफ को रिसोर्स पर्सन के रूप में सूचीबद्ध नहीं किया जायेगा।
- उपरोक्त रिसोर्स पर्सन के चयन में किसी प्रकार का आरक्षण नीति लागू नहीं है।

संलग्नक– DRP/BPR APPLICATION FORMAT (HINDI)

उपायुक्त स्वतः रोजगार
जनपद अमेठी।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मिशन निदेशक, महोदया उ0प्र0रा0ग्रा0आ0 मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, महोदय जनपद अमेठी।
3. मुख्य विकास अधिकारी, जनपद अमेठी।
4. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जनपद अमेठी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञापन को जनपद के nic की website पर प्रसारित करने का कष्ट करें।
5. जिला सूचना अधिकारी, जनपद अमेठी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञापन को सबसे अधिक पढ़े जाने वाले किन्हीं दो राष्ट्रीय समाचार पत्र में उचित स्थान देते हुए दिनांक 06.09.2025 के अंक में छपवाने का कष्ट करें।
6. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद अमेठी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि ब्लॉक स्तर पर होने वाले चयन का व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार कराना सुनिश्चित करें।
7. सहायक विकास अधिकारी–आई.एस.बी., जनपद अमेठी को अनुपालनार्थ प्रेषित।
8. ब्लॉक मिशन प्रबंधक एस.एम.सी.बी./नोडल, जनपद अमेठी को अनुपालनार्थ प्रेषित।

03/9/2025

उपायुक्त स्वतः रोजगार
जनपद अमेठी।

Scanned with OKEN Scanner